पीपला कन्या महाविद्यालय को क्रमोन्नत करने की रखी मांग

■ विधायक डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री शर्मा को लिखे पत्र

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अलग-अलग पत्र प्रेषित कर आगामी बजट में राजा खैमकरण चौराहा से न्यू रीको औद्योगिक क्षेत्र तक फोर लेन सड़क बनवाने, पशु चिकित्सालय के लिये शहर में सैटे लाइट हॉस्पीटल की स्थापना करवाने, राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपला को क्रमोन्नत कर राजनीति शास्त्र विषय में स्नातकोत्तर की कक्षायें शुरु कराने के अलावा, धौरमुई, घुस्यारी एवं बरसो ग्राम पंचायत के उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत कराने का आग्रह किया है। डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री शर्मा को पत्र प्रेषित कर कहा कि मथुरा रोड स्थित राजा खैमकरण चौराहा से बृज औद्योगिक क्षेत्र तक भारी टैफिक रहता है। सडकें छोटी होने की वजह से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडता हैं। जिससे आवागमन पूरी तरह से प्रभातिव होता है। उन्होंने आगामी बजट में राजा खैमकरण चौराहा से न्यू बृज औद्योगिक क्षेत्र को फोर लेन कर चौडाईकरण एवं सौन्दर्यकरण कार्य को आगामी बजट में परिवर्तित करने आग्रह किया है। डॉ. गर्ग ने पत्र में कहा है कि भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के पीपला में संचालित राजकीय कन्या महाविद्यालय में करीब 225 से अधिक छात्राऐं अध्ययनरत हैं तथा स्नातक तृतीय वर्ष की करीब 75 छात्राऐं इस महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं। पीपला के राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीपला सहित आस पास के गांवों की छात्रायें अध्ययन करने के लिये आती है।

महिला शिक्षा को बढावा देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये इस महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षायें शुरु करने की विशेष आवश्यकता है। छात्राओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे की पढाई करने के लिये इस महाविद्यालय को एम.ए. में क्रमोन्नत कर यहां पर राजनीति शास्त्र विषय की कक्षायें आगामी बजट में शुरु कराने की घोषणा की जाये ताकि महिला शिक्षा को बढावा मिले और छात्रायें लाभांवित हो सके। उन्होंने पशु पालकों की परेशानी को देखते हुये भरतपुर में पशु चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि करने के लिये सैटे लाइट हॉस्पीटल खुलवाने की आगामी बजट में घोषणा करने की मांग करते हुये कहा कि भरतपुर क्षेत्र में पशु पालन प्रमुख व्यवसाय है। सैटेलाइट पशु हॉस्पीटल नहीं होने की वजह से पशु पालकों को अपने पशुओं का इलाज कराने में दिक्कतों का सामना करना पडता है। पशु पालकों की परेशानी को देखते हुये पशु चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार कर सारस क्षेत्र अथवा रणजीत नगर क्षेत्र में सैटेलाइट अस्पताल खोलने की घोषणा कर पशु पालकों को लाभांवित करें। डॉ गर्ग ने चिकित्सकीय सुविधाओं का ग्रामीण क्षेत्र में विस्तार करने की मांग करते हुये मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र प्रेषित कर धौरमुई ग्राम पंचायत साथ ही घुस्यारी ग्राम पंचायत एवं बरसो ग्राम पंचायत के उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में आबादी के हिसाब से ग्रामीणों को पूरी तरह से चिकित्सकीय सुविधाओं से वंचित होना पडता है। इन ग्राम पंचायतों में चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार करने की महत्ती आवश्यकता है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सम्बन्धित सुविधाओं का विस्तार होगा तो ग्रामीण क्षेत्र के लोग लाभांवित होंगे।

शिवानी दायमा भाजपा जिलाध्यक्ष बनी

भरतपुर (निस)। भाजपा ने शिवानी दायमा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए कार्य करूंगी। इससे पूर्व शिवानी दायमा को प्रदेश कार्य समिति सदस्य का दायित्व सौंपा गया था। नगर निगम के हाल ही समाप्त हुए कार्यकाल में शिवानी दायमा पार्षद थी। शिवानी दायमा ने वैर से विधानसभा टिकट और भरतपुर से लोकसभा टिकट के लिए दावेदारी जताई थी। भरतपुर से पहली बार किसी महिला को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। भाजपा की शिवानी दायमा के निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थकों ने मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की और नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा को बधाईयां देकर फूल माला और शॉल ओढाकर तथा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा को उद्योगपति व भाजपा नेता यश अठावाल, पूर्व जिला प्रमुख द्वारिका प्रसाद गोयल, गौरव बंसल छोटू, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मोहन रारह सरपंच, जिला महामंत्री राजू कटारा, भाजपा ग्रामीण मण्डल वैर के पूर्व अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह टंटा, भाजपा नेता शेर सिंह धरसौनी, पूर्व जिला मंत्री करतार सिंह डागुर, भाजपा नेता अमर सिंह नैवाडा, भाजपा ग्रामीण मण्डल वैर मण्डल अध्यक्ष शिव सिंह बेबर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजवीर सिंह बेरी, नगर निगम भरतपुर के पार्षद पंकज गोयल, खटीक समाज के जिला अध्यक्ष दीपक पहाडिया, पूर्व लोकसभा सदस्य डॉ सुरेश यादव ने हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनाएं दी। शिवानी दायमा से पूर्व मनोज भारद्वाज भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। जिला अध्यक्ष की रेस में नौ लोग थे। जिसमें से आठ लोगों ने अपने अपने फार्म वापस ले लिए। जिसके कारण सिर्फ शिवानी दायमा का नाम ही शेष रहा। इसलिए शिवानी दायमा को जिला अध्यक्ष बनाया गया। जिला अध्यक्ष का पद ग्रहण करने के बाद शिवानी दायमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सीएम भजन लाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवारवाद वाली पार्टी नहीं है। बीजेपी एक विशाल परिवार है। शेष कार्यकर्ता जिनका उपयोग संगठन में है उन्होंने अपना समय और श्रम दिया है। सभी कार्यकर्ताओं को श्रेष्ठ कार्य मिले इसी नीति से संगठन कार्य करेगा। उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज के कार्यकाल की भी काफी प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने जिला अध्यक्ष पद पर अच्छा कार्य किया।

सीएम भरतपुर का होने के बाद भी कुंभ के लिए नहीं कोई भी बस व्यवस्था

भरतपुर (निस)। प्रयागराज कुम्भ मेला जाने के लिए स्थानीय लोगो को केन्द्रीय बस स्टैण्ड भरतपुर से नहीं मिल रही सीधी बसे। भरतपुर का मुख्यमंत्री होने के बावजूद स्थानीय लोगों के लिए नहीं की जा रही कोई भी व्यवस्था। पूरे देश से अलग अलग हिस्सों से बसें जा रही प्रयागराज वहीं भरतपुर के लिए जयपुर से आ रही बस की देखते हैं बाट ।

आस्था के महाकुम्भ प्रयागराज जाने के लिए यात्रियों को परेशान होना पड रहा है। यात्री केन्द्रीय बस स्टैण्ड भरतपुर तो पंहुच जाते हैं लेकिन सीधी बसे नहीं होने के चलते वापस अपना झोला बिस्तर उठाकर घर लौटने को मजबूर होना पडता है। लोगों को उम्मीद थी कि धार्मिक आस्था में मान्यता रखने वाले जवाहर नगर निवासी सीएम भरतुपर के लोगों के लिए प्रयागराज के लिए भरतपुर से बस की व्यवस्था करेंगे लेकिन भरतपुर से एक भी सीधी बस की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे महाकुम्भ के लिए यात्रियों को इंतजार करना पड रहा है। अगर यही व्यवस्था रही तो लगता है कि अगले 12 वर्ष बाद ही वे महाकुम्भ जा पाएंगे। फिलहाल प्रयागराज जाने के लिए जयपुर से सात बसें चल रही है। जिनमें टिकट बुक करानी पडती है लेकिन बसे जयपुर से ही फुल हो जाती है जिसके बाद केन्द्रीय बस स्टैण्ड पर प्रयागराज जाने वाले लोग अपने आपको ठगा सा महसूस करते है।

नोटिस अन्तर्गत धारा अे. 1 नियत 08 सीपीसी वास्ते हरखास
dh 24 (1) 23.1.2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आम जनता गोविन्द नगर करौली राजरानी मैरिज होम के सामने तीन बड करौली की ओर से एक प्रतिनिधित्व बाद न्यायालय सिविल न्यायाधीश करौली में उनवानी न्यायालय आमजनता गोविन्द नगर करौली बनाम मदनमोहन वगै. बावत दर स्थाई निषेधाज्ञा मु.नं 2/25 सार्वजनिक पार्क भूमि बाबत राजेन्द्र प्रसाद शर्मा सालोत्री रामअवतार वर्मा कैलाशचन्द गुप्ता, अशोक कुमार शर्मा दत्तात्रेय महादेव अशोक कुमार मीना द्वारा संस्थत किया गया है। हरखासअम को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त प्रकरण में अपना हित अथवा उज्र रखता हो वह नियत तारीख पेशी दिनांक-28.1.2025 को 10.30 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखे। यह नोटिस आज दिनांक 23.1.2025 को इस न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से जारी किया गया।
(मुहर) हस्ताक्षर-सिविल न्यायाधीश, करौली

समारोह आयोजित

हिंडौन सिटी । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जटनगंला में शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विद्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी पवन गुप्ता ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी एस सी फाउण्डेशन के डायरेक्टर मोहनलाल गुप्ता रहे।

कर्मचारी संगठन की कार्यकारिणी घोषित

■ जिला महामंत्री पद पर संजय राम मीणा मनोनीत किए है

हिंडौन सिटी । पंचायती राज मंत्रालय कर्मचारी संगठन राजस्थान जिला शाखा करौली के जिला अध्यक्ष पीयूष कुमार दत्तात्रेय ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है।

उन्होंने बताया जिला महामंत्री पद पर संजय राम मीणा जिला कोषाध्यक्ष पद पर धीरज कुमार कर्दम जिला प्रवक्ता पद पर राजीव शर्मा संरक्षक मंडल में गणपत शर्मा हरिशंकर शर्मा योगेश शर्मा विधिक एवं परामर्श मंडल में कुलदीप शर्मा विशंभर दयाल नवीन जैन महेंद्र तिवारी विशेष आमंत्रित सदस्य विष्णु दत्त शर्मा प्रिंस सोलंकी कौशल किशोर गुर्जर धर्मेंद्र शर्मा मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मुद्गल विवेक शर्मा लखन सेहरा गौरव पुजारी प्रदेश प्रतिनिधि माघवेंद्र मेहरा आसाराम मीणा आशा जांगिड़ जिला उपाध्यक्ष कुसब सिंह जाट मुकेश गुर्जर सुरेश बेरवा जय सिंह चौहान रूप सिंह सैनी योगेश जाट संजय डागुर सुबोध पचौरी नरेंद्र गोस्वामी जिला महासचिव राजेंद्र शर्मा पुष्पेंद्र चौहान लखन लाल मीणा शेखर सैनी पंकज गुप्ता आबिद खान जगमोहन मीणा रूपचंद योगी भूरा सिंह सोलंकी समय मीणा मोहम्मद नदीम गोपाल जाटव जिला महिला प्रकोष्ठ अनीता शर्मा हेमलता मीणा संतोष देवी पपीता सैनी आशा बेरवा अनीता जाटव जिला संगठन मंत्री शमशाद अहमद अशोक जाटव मनोज पाल चेतराम गुर्जर महेश जाटव चिरागुद्दीन खान चेतेश शर्मा लोकेश मीणा वीर सिंह गुर्जर हरिओम डागुर को मनोनीत किया गया।

खेल प्रतियोगिताओं का शुभारभ

भरतपुर (निस)। पंजाब नेशनल बैंक भरतपुर मंडल द्वारा मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का दो दिवसीय 25 व 26 जनवरी खेल प्रतियोगिताओ का शुभारभ शनिवार से हुआ। लोहागढ़ स्टेडियम में रेस ट्रेक पर फीता काटकार रंगारंग उद्घाटन प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार व पीएनबी प्रेरणा अध्यक्षा मंडल भरतपुर शुभी शर्मा को फ्लावर पॉट देकर स्वागत किया गया। मण्डल प्रमुख द्वारा बताया गया कि पीएनबी के महिला व पुरुष स्टाफ व उनका परिवार द्वारा खेल प्रतियोगिता को लेकर बढ़ती उत्सुकता को देखकर बहुत अच्छा लगा। इसमें भरतपुर मंडल के चार जिले डीग, धौलपुर, करौली, भरतपुर का स्टाफ विभिन्न खेलों में भाग लिया। विभिन्न खेलों इन्डोर व आउटडोर खेल सम्मिलित हैं। जैसे विभिन्न दौड़, खो-खो, कैरम, शतरंज, टेबिल टेनिस रस्सा कशी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिला स्टाफ विजेता का प्रथम स्थान पलक वर्मा द्वितीय स्थान प्रियंका मीणा, तृतीय स्थान निशा मीणा व 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरुष स्टाफ विजेता प्रथम स्थान अमूल, द्वितीय स्थान मृगराज तृतीय स्थान मृदुल, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरुष स्टाफ विजेता प्रथम स्थान धर्मपाल द्वितीय स्थान आर्यवत तृतीय स्थान अनूप, 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरुष स्टाफ विजेता प्रथम स्थान धर्मपाल, द्वितीय स्थान संदीप कुमार, तृतीय स्थान विनोद कुमार व चतुर्थ स्थान मान सिंह आदि प्रतिभागियों ने अपना उत्साह के अपना पूर्ण योगदान दिया गया। कार्यक्रम में एमसीहेड प्रीतम वर्मा, अठाणी जिला प्रबन्धक प्रशांत कुमार, आरसेटी निदेशक उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य प्रबन्धक नीलेश झा, एमएल मीना, विजय सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक विनय जिंदल, हनुमान एवं कार्यक्रम संयोजक सत्यनारायण चौधरी सहित काफी संख्या में परिवार सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ एवं परिवार सदस्यों का आभार उपमंडल प्रमुख हरी मोहन मीणा द्वारा किया गया।

शहीदों की याद में दीपक जलाएं

भरतपुर (निस)। भरतपुर साईकल क्लब द्वारा 76 बे गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर किला स्थित शहीद स्मारक पर दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया। बीसीसी अध्यक्ष पंकज ग़ोयल ने बताया कि बीसीसी द्वारा किला में शहीदों की याद में 276 दीपक की रोशनी में नमन किया तथा पुष्प चक्र अर्पण कर देश के वीर शहीदो को याद किया। गणतंत्र दिवस के महत्व के विषय मे बीसीसी सदस्य वैभव ग़ोयल ने बताया तथा उसके पश्चात राइडर सुमित अरोरा ने राष्ट्रगान के विषय मे वहाँ उपस्थित राइडर को समझाया।

20 वर्ष की सजा: करौला में पोक्सो कोर्ट की विशिष्ट न्यायाधीश श्रीमती अलका बंसल ने अभियुक्त फूलसिंह पुत्र धर्मसिंह मीना थाना पीलोदा जिला सवाईमाधोपुर को भारतीय दंड संहिता कि धारा 363, 366, 376(3), 376(2) (छ) आईपीसी एवं 3ध्4 (2), पॉक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व कुल 80हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

जागरूक मतदाताओं से मजबूत होता है लोकतंत्र

हिंडौन सिटी । राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका एवं भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस 25 जनवरी को प्रतिवर्ष मतदाता दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसके सफल संचालन में युवाओं एवं महिला मतदाताओं भागीदारी जरूरी है। ई एल सी नोडल अधिकारी डॉ रीतेश जैन ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय गणतंत्र की यात्रा सफलता पूर्ण तरीके से निरंतर जारी हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निर्धारित थीम मतदान से बढ़कर कुछ नहीं, मैं निश्चित रूप से मतदान करूंगा पर आयोजित किया जा रहा हैं।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक मनाया

■ जिला कलेक्टर ने कहा कि वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम थीम को घर-घर पहुचांये

भरतपुर (निस)। 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में समारोह पूर्वक मनाया गया। जिसमें स्वीप गतिविधियों में सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों, नव मतदाताओं एवं भावी मतदाताओं का सम्मान किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि लोकतन्त्र की मतबूती में चुनाव प्रणाली का अहम योगदान है, हमारे देश की चुनाव प्रणाली विश्वभर में स्वतन्त्र एवं निश्पक्ष एवं पारदर्शिता के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि इस बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम ''वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम'' है इससे प्रेरणा लेकर हम नव मतदाताओं को मतदाता सूची से जोडकर मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने का महत्व तभी जाकर साकार होगा जब देश के सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में पंजीकृत होकर सभी मतदान प्रक्रिया में सक्रियता से भागीदार बनेंगे। उन्होंने समारोह में उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों, शिक्षण संस्थाओं के एम्बेसेडरों को मतदाता जागरूकता की अहम कड़ी बताते हुए कहा कि चुनाव आयोग के मोबाइल एप का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर युवाओं एवं नवमतदाताओं को लोकतन्त्र की मजबूती के लिए आगे आने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने समारोह में जिले के स्वीप एम्बेसेडरों, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कार्मिकों एवं स्वीप में भागीदार संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में दिव्यांग मतदाता एवं ट्रांसजेंडर के ब्रांड एम्बेसेडर को भी लोकतन्त्र के अहम भागीदार बताते हुए सम्मानित किया गया। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद मृदुलसिंह ने कहा कि मतदाता दिवस मनाये जाने का उद्देश्य लोकतन्त्र की मजबूती में सभी की भागीदारी बढाना है। जिले का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुडवाने से वंचित नहीं रहे हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना है। उन्होंने चुनाव आयोग मोबाइल एप के बारे में जानकारी देकर इनका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। उप जिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा ने कहा कि मतदाता जागरूक होगा तो लोकतन्त्र भी मतबूत होगा, सभी मतदान प्रक्रियाओं में मतदाता स्वतन्त्र एवं निश्पक्षता से स्वप्रेरित होकर मतदान करें इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करें। उन्होंने सम्मानित होने वाले बीएलओ, मतदाता जागरूकता में सामिल विभिन्न विभागों के सम्मानित होने वाले प्रतिनिधियों को भविष्य में भी टीम भावना से कार्य करने का आव्हान किया।

राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना का विशेष शिविर 27 को

करौली (निं.सं.) । जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक गणेश शर्मा ने बताया है कि राज्य सरकार की बजट घोषणा संख्या 182 के अनुसार राज्य के औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति वर्गों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना-2022 अधिसूचित की गयी है। योजनान्तर्गत लक्षित वर्गों के उद्यिमयों सहित पात्र व्यक्तियों को उद्यम की स्थापना, विस्तार, आधुनीकीकरण, विविधिकरण हेतु विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता, अनुदान एवं अन्य सुविधाओं संबंधी प्रावधान किये गये हैं, जिससे उक्त वर्गों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सकेगा। योजनान्तर्गत लक्षित वर्गों के उद्यिमयों को उद्यिमता एवं कौशल संवर्धन कार्यक्रम, इन्क्यूबेशन सेन्टर के माध्यम प्रायोगिक प्रशिक्षण, रियायती दर पर भूमि की उपलब्धता व अन्य परिलाभ, कम लागत पर ऋण सुविधा, ब्ळज्डैम् अन्तर्गत गारन्टी फीस, मार्जिन मनी अनुदान, ब्याज अनुदान सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जायेगा। प्रमुख प्रावधान निम्नानुसार है-योजना अधिसूचना 8.सितम्बर 2022 से 31.मार्च 2027 कि अवधि तक प्रभावी रहेगी। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा प्रतिबन्धित गतिविधियों, कृषि एवं संबंधित गतिविधियों पशुपालन,पक्षीपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी आदि के अतिरिक्त समस्त वैध विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में नवीन उद्यम स्थापित करना,स्थापित उद्यम में विस्तार विविधिकरण, आधुनिकीकरण करना सम्मिलित होगा।

पात्रता अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति वर्ग से संबंधित आवेदक जो राजस्थान के मुल निवासी हो, उम्र 18 वर्ष से अधिक, बैंक, वित्तीय संस्थान के डिफाल्टर न हों, मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं दिवालिया घोषित न हों। भागीदारी, एलएलपी फर्म्स, सहकारी समिति एवं कंपनी मामले में अजा, अजजा व्यक्तियों की भागीदारी 51 प्रतिशत या अधिक हों।

परियोजना लागत एवं ब्याज अनुदान विनिर्माण उद्यम-अधिकतम परियोजना लागत-10 करोड रूपयें, ब्याज अनुदान 9 प्रतिशत सेवा उद्यम-अधिकतम परियोजना लागत-05 करोड रूपयें, ब्याज अनुदान 7 प्रतिशत व्यापार क्षेत्र-अधिकतम परियोजना लागत-01 करोड रूपयें, ब्याज अनुदान 6 प्रतिशत देय होगा।

विशेष प्रावधान परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अथवा 25 लाख रूपये जो भी कम हो मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। ऋण की समयावधि 03 से 07 वर्ष तक होगी, ब्याज अनुदान 05 वर्ष तक ही देय होगा। योजनान्तर्गत जिला स्तरीय विशेष कार्यशाला, कैम्प आयोजन दिनांक 27 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र करौली में किया जावेगा।

उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत लाभ के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र करौली से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकेंगे।

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति, करौली
क्रमांक/पसक/लेखा/2024-25/3015 दिनांक: 23.01.2025
पंचायत समिति के सभी क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाऐं
पंचायत समिति करौली एवं अधीनस्थ 32 ग्राम पंचायतों में योजनाऐं जो वर्तमन में प्रगति पर है जो निम्नप्रकार है:-

1. प्रधानमंत्री आवास योजना:- आवास विहीन परिवार स्वयं ही अपने mobile app से सर्वे लिस्ट में नाम जुडवा सकते है।
2. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण):- प्रत्येक परिवार को शौचालय बनाने पर 12000 रू. सहायता राशि
3. महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना- प्रत्येक परिवार को शौचलय बनाने पर 12000 रू. सहाता राशि
4. प्रगति शाखा प्रत्येक परिवार को 100 दिवस का रोजगार देने की गारंटी और मेढ बन्दी व कैटल शेड निर्माण
5. पेंशन जन्म-मृत्यु पंजीकरण 7 दिवस के अन्दर में किया जाता है। प्रत्येक वृद्धावस्था/विधवा/विकलांग को मासिक पेंशन स्वीकृत करना

(अजीत सिंह)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति करौली